समाचार

# ढेलवाडीह सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया महापौर, आयुक्त ने

## (कार्यो में तेजी लाने व गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश)

## (ढेलवाडीह गांव के आसपास राखड़ फिलिंग पर ग्रामीणों ने जताया विरोध)



कोरबा 01 जून 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज दादरखुर्द से रिंग रोड तक व्हाया ढेलवाडीह सड़क का मरम्मत व डामरीकरण संबंधी किए जा रहे कार्यो का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया, कार्यो में आवश्यक तेजी लाने, कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयासों से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद से 01 करोड़ 90 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 30 अंतर्गत दादरखुर्द से रिंग रोड तक व्हाया ढेलवाडीह होते हुए सड़क का मरम्मत व डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा हैं। यहां उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त सड़क के कार्य का भूमिपूजन कुछ महीने पहले किया गया था, वर्तमान में वह कार्य प्रगति पर है। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने उक्त सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्यो में तेजी लाने व कार्य को शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क है, इस सड़क के बन जाने से रिंग रोड पहुंचने का मार्ग अत्यंत सुगम हो जाएगा तथा दूरी भी कम हो जाएगी, कार्य में तेजी लाकर कार्य को शीघ्र पूरा करें ताकि इसका लाभ आमनागरिकों को प्राप्त हो सके। भ्रमण के दौरान बस्तीवासियों ने बस्ती के समीप सड़क के किनारे राखड़ डम्प किए जाने की शिकायत करते हुए राखड़ की डम्पिंग पर अपनी आपत्ति जताई तथा कहा कि राखड़ उड़ कर बस्ती तक पहुंचती है तथा हम बस्तीवासियों को इससे काफी परेशानी हो रही है, जिस पर महापौर श्री प्रसाद एवं आयुक्त श्री जयवर्धन ने मौके पर उपस्थित एस.डी.एम. श्री सुनील नायक से राखड़ डम्प किए जाने

के संबंध में उचित कार्यवाही करने को कहा। इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, एस.डी.एम. सुनील नायक, तहसीलदार सुरेश साहू, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, मेयर इन काउंसिल सदस्य फूलचंद सोनवानी, पार्षद रूप सिंह गोंड़, पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, अरूण यादव, शशिराज, रतन मसीह, मनोज पटेल, आलोक पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)